<u>प्रेसनोट दिनांक 30.01.2025</u>
<u>जनपद बरेली</u>

<u>बरेली पुलिस की महिला आरक्षी/खिलाड़ी रितिका शर्मा द्वारा सेपक टकरा फेडरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा आयोजित सेपक टकरा चैम्पियनसिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बरेली महोदय द्वारा किया गया सम्मानित।</u>

तेलगांना में सेपर टकरा फेडरेशन आफ इण्डिया द्वारा ओपन 34TH SENIOR NATIONAL SEPAKTAKRAW CAHMPIONSHIP 2024-25 (MEN & WOMEN) का आयोजन किया गया। जिसमें बरेली पुलिस की महिला आरक्षी/खिलाड़ी रितिका शर्मा द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रतिभाग कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उक्त महिला आरक्षी द्वारा कांस्य पदक (BRONZE MEDAL) अर्जित किया गया।

आज दिनांक 30.01.2025 को श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बरेली महोदय द्वारा पुलिस कार्यालय में पदक अर्जित करने वाली महिला आरक्षी रितिका शर्मा को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया तथा उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गयी।

श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा महिला आरक्षी/खिलाड़ी के उत्साहवर्धन हेतु 10,000/- रूपये के नगद पुरुस्कार व प्रशस्ति पत्र दिए जाने की घोषणा की है।

इसके अतिरिक्त उक्त महिला आरक्षी/खिलाड़ी के द्वारा वर्ष 2023-2024 में नागपुर शहर में आयोजित 72ND ALL INDIA POLICE VOLLEYBALL CLUSTER 2023-24 में प्रतिभाग कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महिला आरक्षी द्वारा कांस्य पदक (BRONZE MEDAL) अर्जित किया गया था। महिला आरक्षी रितिका शर्मा को खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर आउट आफ टर्न प्रमोशन (आरक्षी से मुख्य आरक्षी के पद) की प्रक्रिया प्रचलित है।